(b) the number of casualties in these accidents;

(c) broad nature and causes of such accidents;

(d) compensation paid to victims by Government; and

(e) steps taken to prevent such accidents?

THE MINISTER OF LABOUR (SHRI P. A. SANGMA): (a) to (e) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

मध्य प्रदेश में बीड़ी मजदूर

6815. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूलचन्द मीणा :

क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के दमोह और सागर जिलों में कितने बीड़ी मजदूर हैं ;

(ख) इन जिलों में श्रम मंत्रालय द्वारा बीड़ी मजदूरों के कल्याण हेतु कौन-कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं ;

(ग) इन दोनों जिलों में शासकीय अनुदान से बीड़ी मजदूरों के आवास हेतु कितने आवास निर्मित किए गए हैं ;

(घ) बीड़ी मजदूरों के स्वास्थ्य और कल्याण हेतु इस समय कितने स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल कहां कहां कार्यरत हैं ; और

(ङ) सरकार द्वारा देश में बीड़ी मजदूरों के कल्याण हेतु सामान्यतः कौन कौन सी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं ?

श्रम मंत्री (श्री पी० ए० संगमा) : (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार, मध्य प्रदेश के सागर और दमोह जिलों में बीड़ी कर्मकारों की अनुमानित संख्या क्रमश : 2.74 लाख और 1.15 लाख है ।

(ख) और (ङ) मध्य प्रदेश के सागर और दमोह जिलों सहित, सभी राज्यों में बीड़ी कर्मकारों के लिए कल्याण-कारी योजनाओं की एक सूची संलग्न विवरण-I पर है । **(नीचे देखिए)**

(ग) उपलब्ध सूचना के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा बीड़ी कर्मकार कल्याण निधि से प्राप्त वित्तीय सहायता से बीड़ी कर्मकारों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आवास योजना के अंतर्गत निर्मित मकानों की संख्या सागर में 152 और दमोह में 300 है ।

(घ) मध्य प्रदेश राज्य में, इन जिलों सहित, बीड़ी कर्मकारों के लिए कार्यरत औषधालयों की एक सूची संलग्न विवरण-II पर दी गयी है । **(नीचे देखिए)**

विवरण–I

क्रं० सं०	योजना का नाम
	स्वास्थ्य :
1.	बीड़ी श्रमिकों के लिए स्थिर व सचल/स्थिर एलोपैथिक और स्थिर आयुर्वेदिक औषधालय ।
2.	बीड़ी श्रमिकों के लिए टी०बी० अस्पतालों में बिस्तरों को आरक्षित करने संबंधी योजना ।

1	2
3.	बीड़ी श्रमिकों के घरेलू उपचार संबंधी योजना ।
4.	कैंसर से पीड़ित बीड़ी श्रमिकों के उपचार संबंधी योजना ।
5.	मानसिक रोग से पीड़ित बीड़ी श्रमिकों के उपचार संबंधी योजना ।
6.	कुष्ठ रोग से पीड़ित बीड़ी श्रमिकों (घर खाता श्रमिकों सहित) के उपचार संबंधी योजना ।
7.	चश्मों की खरीद के लिए बीड़ी श्रमिकों को वित्तीय सहायता प्रदान किया जाना ।
8.	महिला बीड़ी श्रमिकों के लिए प्रसूति सुविधा संबंधी योजना ।
9.	बीड़ी श्रमिकों के बांध्याकरण के लिये आर्थिक क्षतिपूर्ति की अदायगी संबंधी योजना ।
10.	हृदय रोगों के संबंध में बीड़ी श्रमिकों को वित्तीय सहायता के रूप में व्यय की प्रतिपूर्ति ।
11.	गुर्दा प्रत्यारोपण के संबंध में बीड़ी श्रमिकों को वित्तीय सहायता के रूप में व्यय की प्रतिपूर्ति ।

सामाजिक सुरक्षा योजना :

1. बीड़ी श्रमिकों के लिए समूह बीमा योजना ।

आवास :

1. बीड़ी श्रमिकों के लिए अपना घर स्वयं बनाओं योजना ।
2. बीड़ी कर्मकारों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आवास योजना ।
3. वर्कशैड और गोदामों के निर्माण हेतु बीड़ी उद्योग की सहकारी समितियों को आर्थिक सहायता ।
4. बीड़ी कर्मकारों हेतु समूह आवास योजना ।

शिक्षा :

1. बीड़ी कर्मकारों के बालकों को छात्रवृत्ति प्रदान करना (घर खाता बीड़ी कर्मकारों सहित) ।
2. बीड़ी कर्मकारों के स्कूल जाने वाले बच्चों को एक जोड़ा वर्दी और स्लेट, कापियां, पाठ्य पुस्तकें देने हेतु वित्तीय सहायता देने के लिए कम्पोजिट योजना ।

आमोद-प्रमोद :

1. दृश्य-श्रव्य सैटों/सिनेमा वैनों/फिल्मों के प्रदर्शन की व्यवस्था ।
2. बीड़ी कर्मकारों हेतु खेल कूद, सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यकलाप आयोजित करना ।
3. बीड़ी कर्मकारों हेतु अवकाश गृह योजना ।
4. बीड़ी कर्मकार औद्योगिक सहकारी समितियो को टी०वी० सैट की आपूर्ति ।

विवरण-II

1	2
1.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, सिहौर, जिला-जबलपुर
2.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, जबलपुर, जिला-जबलपुर
3.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, गढ़कोटा, जिला-जबलपुर
4.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, देवरी, जिला-सागर
5.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, सागर, जिला-सागर
6.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, दमोह, जिला-दमोह
7.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, हट्टा, जिला-दमोह
8.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, नौहट्टा, जिला-दमोह
9.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, ग्वालियर, जिला-ग्वालियर
10.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, बेगमगंज, जिला-रायसेन
11.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, भोपाल, जिला भोपाल
12.	स्थिर-एव-सचल औषधालय, मनवाड, जिला-खरगैरैन
13.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, रीवा, जिला-रीवा
14.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, धमतारी, जिला-रायपुर
15.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, राजनन्द गांव, जिला-राजनन्द गांव
16.	स्थिर-एवं-सचल औषधालय, जरोरा, जिला-रतलाम
17.	सचल औषधालय, सतना, जिला-सतना
18.	स्थिर औषधालय, इंदौर, जिला-इंदौर
19.	स्थिर औषधालय, कटंगी, जिला-जबलपुर
20.	स्थिर औषधालय, बारांशिवनी, जिला-बालाघाट
21.	स्थिर औषधालय, गुना, जिला-गुना
22.	स्थिर औषधालय, बुरहानपुर, जिला-खंडवा

गुजरात में विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत बाल श्रमिक

6816. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे :**

श्री चिकनभाई हरिभाई शुक्ल :

क्या **श्रम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में विभिन्न संस्थाओं में कार्यरत बाल श्रमिकों की जिले-वार संख्या कितनी-कितनी है ;

(ख) क्या इन बाल श्रमिकों के लिए उपरोक्त संस्थाओं द्वारा कोई शिक्षण केन्द्र स्थापित किए गए हैं और ऐसे शिक्षण केन्द्रों की संख्या कितनी-कितनी है ; और

(ग) इन केन्द्रों को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए राज्य और केन्द्रीय सरकार द्वारा कितनी-कितनी सहायता दी जाती है ?

श्रम मंत्री (श्री पी० ए० संगमा) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।